News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-59
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

समय और भाग्य पर कभी अहंकार
मत करो क्योंकि ये दोनों
परिवर्तनशील है।

बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, बुधवार, 05 जून 2024

फिर आयी मोदी सरकार

प्रधानमंत्री के पद के लिए कौन सा नया चेहरा

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ गए है देश में फिर मोदी सरकार की लहर देखने को मिली। लोग ख़ुशी से झूम उठे है। देखना रोमांचक होगा की इस बार प्रधानमंत्री के पद के लिए कौन सा नया चेहरा देखने को मिलगा। प्रधानमंत्री पद के लिए मुख्य रूप से अमित शाह और दूसरे नंबर पर नितिन गडकरी का नाम शामिल है। देश में ह्रछ्ठ की जीत से लोग अत्यधिक खुश नजर आ रहे है और बात करे दिल्ली की तो वहा भाजपा ने जीत हासिल की है। और बिहार में ह्रछ्ठ गठबंधन प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने में कामयाब दिख रही हैं और देश भर में ह्रछ्ठ गठबंधन को वोट में बढ़त हुइ हैं जिसको लेकर जगह जगह जश्न का मौहल हैं मिठाइयों के दूकान पर भारी भीड़ देखने को मिल रही हैं और आतिशबाज़ी भी की जा रही हैं पर भाजपा अपने दांवो पर फैल नज़र आ रही हैं क्यूंकि भाजपा के 400 पार का नारा धराशाई हो चूका हैं

बिहार में पांच सीट पर एनडीए की जीत

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

पश्चिम चंपारण में संजय जायसलवाल(बीजेपी), गया में जीतन राम मांझी( ]रू), महराजगंज में जनार्दन सिंह सिग्रीवाल(क्चछ्वक्क), वाल्मिकीनगर से सुनील कुमार, गोपालगंज से डॉ. आलोक कुमार सुमन की जीत हुई.

बांका से गिरिधारी यादव और पूर्णिया से पप्पू यादव जीते

बांका से गिरिधारी यादव, पूर्णिया से पप्पू यादव की जीत. पप्पू यादव ने जदयू के संतोष कुशवाहा को पराजित किया है.

दो सीट पर CPI रू की जीत, कुल 8 सीट के परिणाम आए काराकाट से राजाराम सिंह, बेगूसराय से गिरिराज सिंह उजियारपुर से नित्यानंद राय, आरा से सुदामा प्रसाद की जीत

बिहार में भी एनडीए को बड़ा झटका

भाजपा और जेडीयू को 12-12 सीटें मिली

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

A shared journey of furthering national progress and fulfil

पटना, बिहार में भी एनडीए को बड़ा झटका लगा है. 2019 में जहां एनडीए 40 में 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी. इस बार यह संख्या घटकर तीस पर पहुंच गई है. लोकसभा की चालीस सीट पर हुए चुनाव में भाजपा और जेडीयू को 12-12 सीटें मिली हैं. वहीं सहयोगी दल लोजपा(रामविलास) को पांच और हम को 1 सीटें मिली हैं. इंडी गठबंधन की बात करें तो राजद को चार, भाकपा माले को 2 और कांग्रेस को 3 सीटें मिली हैं. वहीं एक निर्दलीय पप्पू यादव ने भी चुनाव जीता है. जीते हुए प्रत्याशियों की बात करें तो सवर्णों में सबसे अधिक राजपूत जाति के 6 उम्मीदवार चुनाव जीते हैं. भूमिहार तीन, दो मुस्लिम कैंडिडेट भी चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं. चुनाव जीतने वाले यादव कैंडिडेट की संख्या 7 है.

भाजपा से दो यादव-भूमिहार और तीन राजपूत कैंडिडेट जीते

पूर्वी चंपारण से राधा मोहन सिंह(राजपूत) ,महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (राजपूत), सारण से राजीव प्रताप रूढ़ी(राजपूत). मधुबनी से अशोक कुमार यादव(यादव) ,उजियारपुर से नित्यानंद राय(यादव), पश्चिम चंपारण से डॉक्टर संजय जायसवाल(वैश्य) ,अररिया से प्रदीप कुमार सिंह(अति पिछड़ा) मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी(अति पिछड़ा, सहनी) बेगूसराय से गिरिराज सिंह(भूमिहार) ,नवादा से विवेक ठाकुर(भूमिहार) और दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर(ब्राह्मण) चुनाव जीते हैं. इस तरह से भाजपा में राजपूत जाति के तीन कैंडिडेट चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं,जबकि दो हार गए. वहीं दो भूमिहार कैंडिडेट भी चुनाव जीते हैं. दो यादव, एक वैश्य,एक ब्राह्मण,एक कायस्थ और दो अति पिछड़ा समुदाय के कैंडिडेट चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं.

जेडीयू से दो यादव, दो कुशवाहा, एक राजपूत प्रत्याशी की हुई जीत

वहीं, जेडीयू कोटे से वाल्मीकि नगर से सुनील कुमार(कुशवाहा),सिवान से विजय लक्ष्मी देवी(कुशवाहा) ,नालंदा से कौशलेंद्र कुमार(कुर्मी) झंझारपुर से रामप्रीत मंडल(अति पिछड़ा), सुपौल से दिलेश्वर कामत(अति पिछड़ा),भागलपुर से अजय कुमार मंडल(अति पिछड़ा), मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव(यादव),बांका से गिरधारी यादव(यादव), गोपालगंज से डॉक्टर आलोक कुमार सुमन(एससी). शिवहर से लवली आनंद(राजपूत), सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर(ब्राह्मण) और मुंगेर से ललन सिंह(भूमिहार) . इस तरह से जेडीयू कोटे से दो कुशवाहा, एक कुर्मी, तीन अति पिछड़ा, दो यादव, एक दलित, एक राजपूत, एक ब्राह्मण और एक भूमिहार कैंडिडेट चुनाव जीते हैं.

लोजपा रामविलास के टिकट पर तीन दलित जीते चुनाव

लोजपा(रामविलास) से हाजीपुर से चिराग पासवान(दलित), समस्तीपुर से शांभवी(दलित), जमुई से अरूण भारती(दलित), वैशाली से वीणा सिंह(राजपूत) और खगड़िया से राजेश वर्मा(वैश्य). इस तरह से तीन दलित, एक राजपूत और वैश्य कैंडिडेट चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं. हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के टिकट पर जीतन राम मांझी(दलित) गया सीट से चुनाव जीते हैं.

राजद से दो यादव और एक-एक राजपूत और कुशवाहा प्रत्याशी

राजद की बात करें तो पाटलिपुत्र से मीसा भारती(यादव) ,जहानाबाद से सुरेंद्र प्रसाद यादव(यादव), बक्सर से सुधाकर सिंह(राजपूत) और औरंगाबाद से अभय कुमार कुशवाहा(कुशवाहा) ने बाजी मारी है. इस दल से दो यादव, एक राजपूत और एक कुशवाहा प्रत्याशी जीते हैं.

कांग्रेस से दो मुस्लिम प्रत्याशी

कांग्रेस से मोहम्मद जावेद किशनगंज, कटिहार से तारीक अनवर और सासाराम सुरक्षित सीट से मनोज कुमार(दलित) चुनाव जीते हैं. भाकपा माले के टिकट पर काराकाट से राजाराम सिंह (कुशवाहा) और आरा से सुदामा प्रसाद (ओबीसी) चुनाव जीते हैं. वहीं पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय पप्पू यादव(यादव) चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं.

एक ही फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए सीएम नीतीश और तेजस्वी यादव, चिराग बोले- एनडीए एकजुट है

चुनाव परिणाम आते ही बिहार की सियासी गलियारी में हलचल तेज हो गई है। सीएम नीतीश कुमार एक बार फिर से चर्चा में आ गए हैं। पूरे देश की निगाहें उनपर टिकी हैं। मंगलवार शाम उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीएम नीतीश कुमार से मिलने गए थे। आज सीएम नीतीश कुमार दिल्ली रवाना हो चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस फ्लाइट से सीएम नीतीश कुमार जा रहे, उसी से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी दिल्ली रवाना हुए हैं। वह भी इंडी गठबंधन की मीटिंग में शामिल होंगे।

दोनों दिग्गजों के साथ दिल्ली जाने से सत्ता के गलियारे में कयासों का बाजार गर्म हो गया है। नीतीश कुमार ने अपने आवास पर जदयू नेताओं के साथ बैठक की इधर, दिल्ली जाने से पहले सीएम नीतीश कुमार ने अपने आवास पर जदयू नेताओं के साथ बैठक की।

इसमें ललन सिंह, मंत्री अशोक चौधरी, सांसद कौशलेंद्र कुमार, LJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान समेत कई नेता मौजूद रहे। हालांकि, बैठक में क्या हुआ? इसका खुलासा नहीं हो पाया। चिराग पासवान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हमसभी लोग बधाई देने पहुंचे थे। जिस तरह से सीएम नीतीश कुमार ने हमारे गठबंधन को मजबूती देने का काम किया। हमारा तो बिहार में प्रदर्शन रहा। उसका श्रेय जितना पीएम मोदी को जाता है उतना ही हमारे मुख्यमंत्री को भी जाता है।

किसी को कहीं से कोई ऑफर नहीं मिल रहा है

चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए एकजुट है। किसी को कहीं से कोई ऑफर नहीं मिल रहा है।

एनडीए का घटन दल मजबूती सरकार बना रहा। यह सरकार मजबूती से पांच साल चलेगी। अब हमलोग तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए चिराग पासवान ने कहा कि वह अभी नादान हैं। उन्हें जमीनी समझ नहीं है। वह मुझे हाजीपुर हारने की शुभकामना दे रहे थे। लेकिन, जनता का आशीर्वाद मेरे साथ था।

बिहार में कई सीटों पर जनादेश ने चौंकाया; भाजपा और जदयू को नुकसान, महागठबंधन के खाते में नौ सीटें

बिहार की 40 सीटों पर चुनाव परिणाम आ गया। कई सीटों पर जनादेश ने चौंकाया है। इस बार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का करिश्मा पूरी तरह चल नहीं पाया। 2019 एनडीए को 39 सीटें मिली थीं। इसबार 30 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। वहीं पिछली बार मात्र एक सीट लाने वाले महागठबंधन को जनता ने नौ सीटें जीता दीं। पूर्णिया सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी और कांग्रेस नेता पप्पू यादव को जीत मिली। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा को हराया। समीकरण की बात करें तो एनडीए और महागठबंधन ने कुल 18 सवर्ण, 16 यादव और 10 अतिपिछड़े समाज के प्रत्याशियों को टिकट दिया था। इनमें से 11 सवर्ण, छह यादव और पांच अतिपिछड़े समाज के प्रत्याशियों को जीत मिली। किशनगंज और कटिहार से मुस्लिम प्रत्याशी जीतकर संसद पहुंचे। लालू की एक बेटी को जीत तो दूसरी को हार का सामना करना पड़ा भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। इनमें पीएम मोदी कैबिनेट के मंत्री आरके सिंह, पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव, दो बार सांसद रहे सुशील सिंह, बक्सर से पहली बार भाग्य आजमा रहे मिथिलेश तिवारी, सासाराम से शिवेश कुमार शामिल हैं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की दो बेटी चुनावी मैदान में थीं। इनमें से मीसा भारती को जीत मिली तो रोहिणी आचार्य को हार का सामना करना पड़ा। मीसा भारती ने भाजपा के रामकृपाल यादव को 85 हजार 174 वोटों से हराया। वहीं रोहिणी आचार्य को मात्र 13 हजार 661 वोट से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी से हार का सामना करना पड़ा। बक्सर में राजद प्रत्याशी और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने भी सबको चौंका दिया। उन्होंने भाजपा के मिथिलेश तिवारी को हराया। आरा और काराकाट में माले ने दिग्गजों को हराया वहीं जनता दल यूनाईटेट के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बाहुबली अशोक महतो की पत्नी और राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता को 80 हजार 870 वोट से हरा दिया। चिराग पासवान और उनकी पार्टी ने फिर से सबको चौंका दिया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इस बार हाजीपुर, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही थी। पांचों सीटों पर इनके प्रत्याशी भारी मतों से जीत गए। सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट लाकर चिराग ने सबसे चौंका दिया।

अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सब्जी विक्रेता को कुचला

आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे को लेकर किया सड़क जाम

मामला नालंदा थाना क्षेत्र के दिनकर नगर के समीप की है। मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के रानी बिगहा निवासी स्वर्गीय जोगेश्वर चौहान के (48) वर्षीय पुत्र दशरथ चौहान के रूप में की गई है। सड़क हादसे की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों के मिली तो वे लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और मुआवजा एवं कार्यवाही की मांग को लेकर बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग को नालंदा थाना के समीप जाम कर दिया। जिसके कारण गाड़ियों की लंबी कतार सड़क के दोनों ओर लग गई। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि दशरथ चौहान हर दिन की तरह सब्जी लेकर दिनकर नगर गए थे। जहां वे सड़क के किनारे से जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार अवैध बालू लोड ट्रैक्टर ने कुचल दिया और अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। गंभीर रूप से जख्मी दशरथ चौहान को पुलिस के द्वारा इलाज के लिए सिलाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस के द्वारा उन लोगों को प्राप्त हुई। सड़क

सदर आलम मेमोरियल सेकन्डरी स्कूल

जाम की सूचना मिलने के उपरांत सिलाव बीडीओ एवं नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया और आवागमन को सुचारु कराया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं सिलाव बीडीओ ने कहा कि मृतक के आश्रितों को जल्द ही सरकारी सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी।

तेजस्वी बोले- जनता ने तानाशाही, झूठ, जुमलों और प्रपंच को दी करारी हार

लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम आ गया है। बिहार में महागठबंधन को नौ सीटें मिलीं। इसमें से राष्ट्रीय जनता दल को चार, भाकपा (माले) को दो और कांग्रेस तीन सीटों पर जीत मिली। महागठबंधन के नेता लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने ही इस बार बिहार की कमान संभाली थी। करीब एक महीने वह व्हीलचेयर पर ही सभाएं करने के लिए जाते रहे। अपनी बात बताते रहे। लोगों को समझाते रहे। और, आज यह परिणाम सामने है। तेजस्वी यादव ने इस जीत के साथ खुद को चिढ़ाने की वजह भी खत्म कर दी है।

लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की रक्षा की है

चुनाव परिणाम आने के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिा। कहा कि बिहार और देश की जनता को मैं धन्यवाद दे रहा हूं। आपने प्रेम, सौहार्द एवं सामाजिक आर्थिक न्याय की राजनीति के पक्ष में गोलबंदी करते हुए अहंकार और तानाशाही की राजनीति को एक बड़ा झटका दिया है। आज के परिणाम देश में सुखद अनुभूति की एक लहर लेकर आएं हैं। पूरे देश ने मिलकर भारत के वास्तविक मिजाज़, लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की रक्षा की है। तमाम जांच एजेंसियों, पक्षपाती आयोग, गोदी मीडिया, सरकारी मशीनरी, असीमित संसाधनों एवं साजिशों के साथ चुनाव लड़ रहे खुद को विश्व विजेता मानें लेकिन सच यही है कि देश और बिहार की जनता ने इंडी गठबंधन के साथ मिलकर तानाशाही, झूठ, जुमलों और प्रपंच को करारी हार दी है। सत्ता और

सरोकार परिवर्तन में सकारात्मक लक्षण दिखेंगे नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं विशेष रूप से एक-एक बिहारवासी को हृदय से धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने प्रचंड गर्मी, झूठे प्रोपेगंडा और विभिन्न साजिशों का सामना करते हुए हमें अपना भरपूर प्रेम और अपार समर्थन दिया। देश और बिहार ने यहां से एक नए रास्ते की रचना की है जिसकी नींव में रोज़गार, पढ़ाई, सिंचाई, दवाई और कमाई के मुद्दे हैं, बंटवारे, घृणा, भेदभाव और तानाशाही की सोच नहीं। आने वाले दिनों में सत्ता और सरोकार परिवर्तन में सकारात्मक लक्षण दिखेंगे। हम बिहार में 7-8 सीट कम मार्जिन से हारे हैं लेकिन हमने बहुजन पिछड़े और प्रगतिशील धारा की एक बड़ी नींव रख दी है। देखते रहिए अभी और कुछ बेहतर देखने को मिलेगा। अंत में तेजस्वी ने लिखा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी हर अपेक्षा पर खरा उतरूंगा। आपके रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूर्ण मनोयोग से काम करता रहूंगा।